p>

Title: Need for completion of pending railway line from Fafun to Jaulon and Orai to Etawah in Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा में दो जिला केन्द्र औरैया और कानपुर देहात ऐसे हैं, जहां अभी भी कोई रेल सम्पर्क नहीं है, कोई रेल लाइन नहीं है । वर्ष 2014 में इटावा से औरैया और औरैया से लेकर बिंदकी तक रेलवे का सर्वे हुआ था और दूसरी तरफ फफून से लेकर जालौन और कौंच तक रेलवे का दूसरा सर्वे हुआ था । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरा लोक सभा क्षेत्र चम्बल और यमुना के किनारे है । यह पूरी पट्टी कानपुर तक जाती है । बुंदेलखण्ड का हिस्सा भी इससे जुड़ता है । इस क्षेत्र में दो जिला केन्द्र ऐसे बचे हुए हैं, जहां कोई रेल मार्ग नहीं है, कोई सम्पर्क नहीं है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि फफून से औरैया होते हुए जालौन तक एक रेलवे लाइन का सर्वे वर्ष 2014 में जो हुआ था, इसको पूरा किया जाए । इसी के साथ-साथ इटावा-औरैया रेलवे मार्ग को पूरा किया जाए । यही मेरी आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग है ।